27

कार्यालय नगर परिषद खिलचीपुर जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

क्र./लो.नि./निविदा/1079/2026 खिलचीपुर, दिनांक 27/04/2026

(ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना)

एतद द्वारा सभी पंजीकृत ठेकेदारों से नगर परिषद खिलचीपुर जिला राजगढ़ मे निम्न कार्य की आवश्यकता होने से (निविदा दिनांक तक लागू नवीनतम संशोधन लागू है) प्रतिशत आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। अतः इच्छुक निविदादाता आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपनी ऑनलाईन निविदा दर ई–टेण्डरिंग प्रणाली के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी ई टेण्डर वेबसाईट *https://mptenders.gov.in* पर देखी जा सकती है। निविदा एवं उसकी तिथियों मे किसी भी प्रकार संशोधन/परिवर्तन/परिवर्धन होने की दशा मे सूचना ऑनलाइन सूचना ही जारी की जावेगी पृथक से कोई सूचना समाचार पत्र मे प्रकाशित नही की जावेगी। निविदा प्रपत्र बेवसाईट पर दिनांक 11/05/2026 प्रातः 10.30 से 10/06/2026 शाम 5.30 तक डाउनलोड की जा सकती है।

क.	जावक क्रमांक	आन लाइन निविदा	कार्य का नाम/विवरण मद निकाय निधि	अनुमानित लागत लाख में	धरोहर राशि	निविदा पत्रक शुल्क	ठेकेदार सप्लार्स की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	अन्य विवरण
1	1079	506159	वार्ड क्रमांक 12 की शेष समस्त गलियों में आधुनिक पवेर्स ब्लॉक पिंच रोड कार्य	3072932.00 मय GST सहित	23046.6	5000.00	केन्द्रीयकृत/एम.पी. पी.डब्ल्यू.डी में पंजीकृत	कार्यादेष से 06 माह (वर्षाकाल सहित)	प्रतिशत

1. निविदा प्रपत्र क्रय करते समय ठेकेदार को सक्षम श्रेणी में जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति, फर्म होने की दशा में साझेदारी की डीड एवं पॉवर आफ एटार्नी की प्रति, वर्तमान में आयकर चुकता प्रमाण पत्र, G.S.T. पंजीयन प्रमाण पत्र एवं चुकता प्रमाण पत्र तथा नो रिलेशन प्रमाण–पत्र (100 रू. स्टाम्प नोटरीयुक्त) की प्रति ऑनलाईन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निविदा की अमानत एवं टेण्डर फार्म का शुल्क आन लाइन/निफ्ट सिस्टम से ही मान्य होगा। आफ लाइन अमानत या अन्य राशि मान्य नहीं होगी।
2. निविदा दर स्वीकृति का सम्पूर्ण अधिकार नगर परिषद खिलचीपुर को होंगे। मध्यप्रदेश नगरपालिका वित एंव लेखा निमय 2018 दिनांक 13/08/2018 अनुसार संविदाकारों से अनुबंध सम्पादन के समय 3 प्रतिशत प्रतिभूति राशि कार्य की अनुमानित लागत या सामग्री या माल के अनुमानित मूल्य की जमा कराई जाना होगी। प्रत्येक रनिंग बिल से 7 प्रतिशत एस.डी. का कटौत्रा किया जावेगा।
3. अनुबंध संपादित होने के 15 दिवस मे कार्य प्रारम्भ करना अनिवार्य होगा।
4. ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य से संबंधित ड्राइंग, डिजाईन (यदि आवश्यक हो तो) स्वयं के व्यय पर शासकीय इंजीनियरिंग पॉलेटेक्नीक कॉलेज से तैयार कराई जाना होगी एवं मटेरियल, क्यूब की जांच रिपोर्ट भी ठेकेदार द्वारा स्वयं के व्यय पर प्रस्तुत किये जाने के पश्चात् रनिंग देयक का भुगतान किया जावेगा।
5. ठेकेदार द्वारा किये गये कार्य के पक्ष में नियमानुसार रनिंग देयक का भुगतान होगा। भुगतान से नियमानुसार आयकर, GST, श्रम कल्याण उपकर का कटोत्रा किया जावेगा।
6. अंतिम देयक का अनुमोदन नियमानुसार मुख्य अभियंता /कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशासन विभाग से कराये जाने के उपरान्त ही भुगतान किया जावेगा।
7. कार्य की मात्रा (स्पेसीफिकेशन) एवं प्राक्कलन, ड्राईग, डिजाईन आदि में मौका स्थल पर आवश्यकतानुसार कमी या वृद्धि की जा सकती है।
8. निविदा शर्तो में किसी भी प्रकार संशोधन /परिवर्तन/परिवर्धन के अधिकार नगर परिषद खिलचीपुर को होंगे। निविदा से संबंधित किसी प्रकार का संशोधन संबंधी सूचना विभाग की वेबसाईड पर ही प्रदर्शित की जावेगी। सामाचार पत्रों में पृथक से सूचना प्रकाशित नहीं की जावेगी।
9. निविदा से संबधित अन्य आवश्यक जानकारी एवं शर्त कार्यालयीन समय में अवकाश दिवस को छोडकर निर्माण शाखा नगर परिषद खिलचीपुर में देखी अथवा प्राप्त की जा सकती है।
10. निकाय की वित्तिय स्थिति अनुसार भुगतान किया जायेगा, निविदा स्वीकृति एवं अस्वीकृति का अधिकार निकाय को होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद खिलचीपुर

पृ.क्र./लो.नि./निविदा/1080/2026 खिलचीपुर, दिनांक 27/04/2026

प्रतिलिपि :–

इन्जीनियश इंटरप्रजेश की ओर भेजकर लेख है कि निकाय की वेबसाइट पर निविदा अपलोड कर देयक प्रस्तुत करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद खिलचीपुर

Signature Not Verified
Digitally signed by DEVNARAYAN DANGI
Date: 2026.05.09 22:09:42 IST
Location: Madhya Pradesh-MP

Scanned with OKEN Scanner